श्याम मिलने मिलाने का वादा करो

आ गए हो अगर श्याम इस मोड़ पर,
हमसे मिलने मिलाने का वादा करो,
आ गए हो तो जाने की जिद ना करो,
जा रहे हो तो आने का वादा करो,
आ गए हो...

मोड़ दुनिया के चाहे वो कितने हंसी,
श्याम तेरे बिना चैन हमको नहीं,
याद मेरी ना दिल से भुलाना कभी,
आज सपने में आने का वादा करो,
आ गए हो...

आस दर्शन की लेकर मैं कब से खड़ी,
नैनो से लगी सावन की झड़ी,
सोच लेना कि सावन की रुत आ गई,
हमें झूला झुलाने का वादा करो,
आ गए हो....

मिलने की आस लेकर सोई थी मैं,
श्याम ख्यालों में तेरे ही खोई थी मैं,
दर्द बन के जो दिल में समाए मेरे,
अब निकलके ना जाने का वादा करो,
आ गए हो....

दर्द दिल की मेरे अब दवा ना कोई,
तेरे वादों को मैं याद करके रोई,
तेरी बंसी की धुन मे खोई इस तरह,
कसमें झूठी ना खाने का वादा करो,
आ गए हो अगर श्याम इस मोड़ पर,
हमसे मिलने मिलाने का वादा करो।

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/26061/title/shyam-milne-milane-ka-vaada-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |